प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट 2024 आज सम्पन्न हुई। आज दूसरे दिन एक ही पारी में परीक्षा का आयोजन हुआ। इसमें 5 लाख 41 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल हुए। कल दो पारियों में परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 14 लाख 29 हजार 822 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच करने के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया और नकल रोकने के लिए इस बार कड़े इंतजाम किए गए।

00000

देश भर में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। हर साल 28 फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी, सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों के बीच विज्ञान और इसके अनुप्रयोग के महत्व का संदेश फैलाना है। इस वर्ष का विषय है, विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि विज्ञान और ज्ञान मिलकर हर समस्या के समाधान का द्वार खोलते हैं। उन्होंने सभी से विज्ञान और नवाचार को लोकप्रिय बनाने और विकसित भारत के निर्माण के लिए विज्ञान का लाभ उठाने का आग्रह किया। इधर विज्ञान दिवस पर प्रदेश में भी कई आयोजन हो रहे है। बाडमेर में आज सरकारी और निजी विद्यालयों में डॉ. रमन को श्रद्धाजंलि देने के साथ ही प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

00000

खाटूश्याम जी का का प्रसिद्ध लक्खी मेला आज से शुरू हुआ। 12 दिन तक भरने वाले मेले में देश के विभिन्न भागों से श्रद्धालु पंहुच रहे है। मुख्य मेला 10 और 11 मार्च को भरेगा। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाएं की है। मेला प्रभारी और एसडीएम मोनिका सामौर ने बताया कि दर्शन व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए मार्ग में बदलाव किया गया है। साथ ही, अत्याधुनिक व्यवस्थाओं के जरिए भीड़ को नियंत्रित करने के इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए 14 लाइनों से होकर गुजरना होगा। सरकारी प्रोटोकॉल के तहत आने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को छोड़कर अन्य सभी के लिए वीआईपी दर्शन की सुविधा बंद रहेगी। दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

00000

झालावाड ज़िले में इन दिनों बगीचों में संतरे की तुड़वाई और पैकिंग की जा रही है। जिले के झालरापाटन, असनावर, भवानीमंडी, सुनेल और पिड़ावा क्षेत्र में संतरे के काफी बगीचे है। इस बार संतरे की अच्छी पैदावार के चलते किसानों में खुशी है। गौरतलब है कि झालावाड का संतरा विदेशों में भी निर्यात किया जाता है। खाडी देशों में इसकी ज्यादा मांग है।

00000

भीलवाडा में कल से ऑपरेशन गरिमा अभियान चलाया जायेगा। पुलिस की ओर से चलाये जा रहे इस अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज और रेल्वे स्टेशन पर बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जायेगा। 15 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के दौरान पुलिसकर्मी सादा वस्त्रों में लोकल बसों में सफर कर महिलाओं के साथ आ रही दिक्कतों को जानेंगे तथा प्रभावी कार्यवाही के लिए कडे कदम उठायेंगे।

000

बारां में कल रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई तथा 9 लोग घायल हो गए। ये हादसा जीप के अनियंत्रित होकर ट्रोले से टकरा जाने से हुआ। ये सभी लोग डूंगरपुर जिले के रहने वाले थे तथा प्रयागराज से लौट रहे थे। वहीं एक अन्य हादसे में झालावाड़ के अकतासा गांव के पास एक कंटेनर और कार की टक्कर में कार सवार दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कोटा रैफर किया गया है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में जहान–ए–खुसरो 2025 कार्यक्रम में भाग लेंगे। रूमी फाऊंडेशन की ओर से आयोजित यह समारोह इस वर्ष अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। तीन दिन का यह समारोह अमीर खुसरो की विरासत को मनाने के लिए दुनियाभर के कलाकारों को एक मंच पर लायेगा।

0000

प्रदेश में आज पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझनूं और सीकर में आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर ने कल राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। आज भी कई स्थानों पर बादल छाये हुए है और कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई है। जैसलमेर में आज सुबह रिमझिम बरसात हुई। श्रीगंगानगर में कल दिनभर रूक–रूक कर बरसात का सिलसिला जारी रहा। जिला मुख्यालय के अलावा पद्मपुर, गजसिंहपुर तथा रायसिंहनगर में आज भी हल्की बरसात हुई। हनुमानगढ़ में भी कल रात बूंदाबांदी हुई। आज राजधानी जयपुर सहित भीलवाडा, बालोतरा, बाडमेर, करौली, पाली में बादल छाये हुए है।

0000